एसपी बोले- प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष, पारदर्शी समाधान हो

अमृत कुआं कोटा ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने शुक्रवार को देवली मांजी थाने में जनसुनवाई की। कोटा ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने शुक्रवार को देवली मांजी थाने में जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को तुरंत निपटारे के निर्देश दिए। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे थे। पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। 'प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष, पारदर्शी समाधान हो' एसपी ने भूमि विवाद, पारिवारिक मामलों, चोरी और अन्य आपराधिक प्रकरणों सहित विभिन्न जनसमस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। कई मामलों में मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। जनसुनवाई के दौरान देवली मांजी की सरपंच शकुंतला बाई ने सब्जीमंडी और बस स्टैंड की अव्यवस्था का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि सब्जीमंडी बनने के बावजूद दुकानें सड़क किनारे लग रही हैं, जिससे यातायात बाधित होता है। देवली मांजी थाने में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने जनसुनवाई की। देवली मांजी थाने में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने जनसुनवाई की। जाम की स्थिति की शिकायत की प्रशासक ने यह भी बताया कि बस स्टैंड होने के बावजूद बसें मुख्य सड़क पर ही सवारियां उतार-चढ़ा रही हैं, जिससे अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है। इस पर एसपी सुजीत शंकर ने थानाधिकारी सुनील कुमार को निर्देश दिए कि सब्जीमंडी की दुकानें मंडी परिसर के भीतर लगवाई जाएं और बसों को निर्धारित बस स्टैंड पर ही रुकवाना सुनिश्चित किया जाए। थाने में स्टाफ की कमी का मुद्दा उठा वहीं भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय शंकर सैनी ने थाने में स्टाफ की कमी का मुद्दा उठाया। उन्होंने अतिरिक्त कार्मिकों की तैनाती की मांग की, ताकि फरियादियों के मामलों का शीघ्र निपटारा हो सके। इस जनसुनवाई में डिप्टी नरेंद्र जैन सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी और भाजपा एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष रामावतार मेघवाल भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने लोगों से संवाद कर उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

देवली मांजी मंडल में गर्भवती महिलाओं को मिलेंगी सुपोषित किट

अमृत कुआं ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के निर्देश पर देवली मांजी मंडल क्षेत्र में आज गर्भवती महिलाओं को सुपोषित किट वितरित की जाएंगी। भाजपा देवली मांजी मंडल अध्यक्ष विजयशंकर सैनी ने बताया कि %सुपोषित मां अभियान% के तहत यह कार्यक्रम तीन स्थानों पर आयोजित किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को पोषण सहायता प्रदान कर स्वस्थ मातृत्व को बढ़ावा देना है। पहला वितरण कार्यक्रम दोपहर 12 बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन देवली में होगा। इसमें कुरा?, खजुरी, देवली और ढोटी ग्राम पंचायत की गर्भवती महिलाएं शामिल होंगी। दूसरा कार्यक्रम दोपहर 1 बजकर 30 मिनट पर बालूहे?ा चौकी स्थित हनुमान मंदिर में आयोजित किया जाएगा। यहां बालूहे?ा और झालरी पंचायत क्षेत्र की महिलाओं को किट प्रदान की जाएंगी। तीसरा कार्यक्रम दोपहर 2 बजकर 30 मिनट पर ग्राम पंचायत भवन आवां में होगा। इस स्थान पर आवां, खजूरना और सावनभादौ पंचायत क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को लाभ मिलेगा। मंडल अध्यक्ष सैनी ने कार्यकर्ताओं से अपने-अपने क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं तक इस सूचना को पहुंचाने की अपील की है। उन्होंने गर्भवती महिलाओं और उनके परिजनों से आग्रह किया है कि वे निर्धारित स्थान पर सुपोषित आईडी कार्ड और फॉलोअप कार्ड साथ लेकर पहुंचें।

खातौली में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया पौधारोपण

खातौली विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर खातौली में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा के %एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत यह कार्यक्रम पंचमुखी बालाजी मंदिर परिसर में हुआ। इसका नेतृत्व भाजपा खातौली मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र सुमन और मंडल प्रतिनिधि पप्पू पोसवाल ने किया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने मिलकर पौधारोपण किया। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और क्षेत्र में हरियाली बढ़ाना था। मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र सुमन ने इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। मंडल प्रतिनिधि पप्पू पोसवाल ने कहा कि पेड़ न केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में सहायक हैं, बल्कि वे आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित भविष्य का आधार भी हैं। इस पौधारोपण कार्यक्रम में महामंत्री पुष्पचंद जाटवा, उपाध्यक्ष श्याम सोनी, गोवर्धन सिंह हा?ा, चंपालाल नागर, राजेंद्र सुमन, भूपेंद्र मीना, राम कल्याण नागर, दुर्योधन बैरवा, महावीर वैष्णव, दीपक राठौर, जगन्नाथ सुमन, पवन यादव और राजेंद्र मीणा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कोटा-झालावाड़ हाईवे पर दो ट्रकों की भिड़ंत, 1 की मौत

रामगंज मंडी कोटा-झालावाड़ नेशनल हाईवे(52) पर शुक्रवार रात करीब 12 बजे दो ट्रकों की भिड़ंत हो गई। हादसे में एक ट्रक का केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे ड्राइवर अंदर ही फंस गया। मौके पर पहुंची रेस्क्यू टीम ने कटर और ग्राइंडर की मदद से केबिन काटकर करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला। हॉस्पिटल ले जाने पर डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसा मोड़क थाना क्षेत्र में ढाबादेह फोरलेन पर हुआ। देखें हादसे से जुड़ी कोटा-झालावाड़ नेशनल हाईवे पर एक ट्रक आगे चल रहे ट्रक से टकरा गया। कोटा-झालावाड़ नेशनल हाईवे पर एक ट्रक आगे चल रहे ट्रक से टकरा गया। हादसे में केबिन क्षतिग्रस्त होने से घायल ड्राइवर केबिन में ही फंस गया। हादसे में केबिन क्षतिग्रस्त होने से घायल ड्राइवर केबिन में ही फंस गया। पुलिस और रेस्क्यू टीम ने डेढ़ घंटे की मशक्कत से उसे बाहर निकाला लेकिन ड्राइवर की मौत हो गई। पुलिस और रेस्क्यू टीम ने डेढ़ घंटे की मशक्कत से उसे बाहर निकाला लेकिन ड्राइवर की मौत हो गई। जाम खुलने पर स्पीड से आ रहा था ट्रक जानकारी के अनुसार एनएच 52 पर देर रात कुछ देर जाम लगा था। जाम खुलने के बाद एक तेज रफ्तार ट्रक कोटा से झालावाड़ की ओर जा रहे दूसरे ट्रक से पीछे से टकरा गया। टक्कर में पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक का केबिन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और ड्राइवर केबिन में फंस गया। डेढ़ घंटे की मशक्कत से केबिन से निकाला हादसे की सूचना मिलते ही हाईवे पेट्रोलिंग टीम, एम्बुलेंस और मोड़क थाना पुलिस मौके पर पहुंची। रेस्क्यू टीम ने कटर और ग्राइंडर की मदद से करीब डेढ़ घंटे तक अभियान चलाकर चालक

लोक निर्माण विभाग में 15 लाख का गबन मामला-दोषियों पर कार्रवाई नहीं: जांच पूरी होने पर भी अधिकारियों पर एक्शन नहीं ले रहा विभाग, साधी चुप्पी

बढ़ते कदम

कोटा। के सार्वजनिक निर्माण विभाग की क्वालिटी कंट्रोल खंड (विंग) में 15 लाख के गबन के मामले जांच पूरी हो गई है। जांच टीम ने चीफ इंजीनियर क्वालिटी कंट्रोल जयपुर को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। उसके बावजूद विभाग क्वालिटी कंट्रोल कोटा में गबन मामले में जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। विभाग ने अभी तक जिम्मेदारों के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया है। मुख्यालय की ओर से एक्शन

पर लेट-लतीफी की महकमे में चर्चा हो रही है। क्वालिटी कंट्रोल कोटा में गबन मामले में जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ के कार्रवाई की हिम्मत नहीं जुटा रहा है क्वालिटी कंट्रोल कोटा में गबन मामले में जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ के कार्रवाई की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है बिना स्वीकृति के लैब अटेंडेंट को लगाने पर उठा था सवाल ने बिना स्वीकृति के लैब अटेंडेंट लगाने का खुलासा किया था। दो लैब अटेंडेंट (राहुल व कन्हैयालाल) को अवैध तरीके से काम पर रखने की खबर प्रमुखता छापी थी। जिसके बाद विभाग में हड़कंप मचा। आनन-फानन में शुक्रवार को दोनों लैब अटेंडेंटों को लैब से हटा दिया। दरअसल, क्वालिटी कंट्रोल लैब जोन कोटा में कार्यरत लैब अटेंडेंट राहुल और कन्हैयालाल प्लेसमेंट एजेंसी के जरिए लगे हुए थे। जिनकी कार्य अवधि 31 मार्च 2026 तक स्वीकृत थी। 1 अप्रैल 2026 से नई प्रशासनिक स्वीकृति जारी नहीं होने के कारण एजेंसी ने दोनों कर्मियों को हटा दिया था। इसके बावजूद दोनों व्यक्ति उसी प्रयोगशाला (लैब) में लगातार काम कर रहे थे। बिना वैध स्वीकृति के दोनों को काम पर रखने से अधीक्षण अभियंता, अधिशाषी अभियंता और सहायक परीक्षण अधिकारी की भूमिका को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे थे। अधिकारियों ने नहीं उठाया फोन विभागीय सूत्रों ने बताया कि दोनों लैब अटेंडेंट को दो महीने से सैलरी नहीं दी गई। अब महकमें में चर्चा हो रही है कि दोनों को सैलरी भुगतान कैसे किया जाएगाहु अधिकारी अपनी जेब से देंगे या किसी अन्य मद का सहारा लिया जाएगा। इस बारे में आरके मीणा ङ्कश्वह्र क्वालिटी कंट्रोल से बातचीत करने की कोशिश की। उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। जबकि स्श्व सतीश सिंघल का फोन स्विच ऑफ था। बताया जा रहा है कि प्राइवेट व्यक्ति कुलदीप (कम्प्यूटर ऑपरेटर) को भी हटा दिया गया है।

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया का राष्ट्रव्यापी मेगा कृषि क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम का हुआ आयोजन

बढ़ते कदम

जोधपुर। सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, जोधपुर द्वारा दिनांक-06.06.2026 को राष्ट्रव्यापी मेगा कृषि क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम बैंक की विभिन्न शाखाओं में आयोजित किया गया एवं मुख्य कार्यक्रम बैंक की हनुमानगढ़ जंक्शन शाखा के तत्वाधान में जाट धर्मशाला, न्यू धानमंडी, हनुमानगढ़ में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कृषि विभाग, हनुमानगढ़ की उपनिदेशक डॉ. राजवंती सारण ने मुख्य अतिथि के रूप मे भाग लिया तथा बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय, जोधपुर के क्षेत्रीय प्रमुख श्री अंकित सिकन्द एवं उपक्षेत्रीय प्रमुख श्री आर. के. यादव सहित बैंक के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का स्वागत क्षेत्रीय प्रमुख श्री अंकित सिकन्द द्वारा किया गया। अपने स्वागत संबोधन में क्षेत्रीय प्रमुख श्री अंकित सिकन्द ने बताया कि सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित यह विशेष मेगा कृषि ऋण आउटरीच कार्यक्रम किसानों को सरल एवं त्वरित कृषि ऋण सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा कृषि क्षेत्र के विकास को गति प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को उनकी कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों के लिए पर्याप्त वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के दौरान बैंक अधिकारियों द्वारा ग्राहकों एवं किसानों को बैंक की विभिन्न कृषि ऋण योजनाओं, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तथा अन्य वित्तीय सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही पात्र ग्राहकों को कृषि ऋण स्वीकृति पत्र एवं चेक वितरित किए गए। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि डॉ. राजवंती सारण ने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों एवं संस्थागत वित्त का अधिकतम उपयोग कर कृषि उत्पादकता एवं आय बढ़ाने के लिए प्रेरित किया तथा कृषि क्षेत्र के विकास हेतु सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कृषि ऋण आउटरीच कार्यक्रम एवं किसानों तक वित्तीय सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम स्थल पर ग्राहकों एवं किसानों की सुविधा हेतु DEAF डेस्क, उद्यम पंजीकरण, Re-KYC एवं C-KYC, बचत एवं चालू खाता, वित्तीय समावेशन तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं एवं आपातकालीन सेवाओं के लिए डॉक्टर डेस्क सहित विशेष स्टॉल लगाए गए, जो उपस्थित ग्राहकों एवं किसानों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों एवं कृषि उद्यमियों ने बैंक की इस पहल की सराहना करते हुए इसे कृषि क्षेत्र में वित्तीय सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम के अंत में बैंक की शाखा हनुमानगढ़ जंक्शन के शाखा प्रबंधक श्री अंशुल कुमार द्वारा सभी अतिथियों, किसानों, कृषि उद्यमियों, ग्राहकों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

ढोटी में विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम: किसानों को प्राकृतिक खेती, पौधरोपण और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

बढ़ते कदम

अमृत कुआं। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम ढोटी में जलवायु अनुकूल ग्राम कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम आईटीसी मिशन सुनहरा कल और संस्था एनसीएचएसई द्वारा संचालित किया गया। इसका उद्देश्य किसानों को पर्यावरण संरक्षण, जैविक खेती और मृदा सुधार के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक अतीश कुमार शर्मा, कृषि अधिकारी दुष्यंत नागर और जुगराज किशोर मौजूद रहे। इनके साथ ही ग्राम सरपंच मनभर मेघवाल, ग्राम विकास अधिकारी संदीप सिंह चौहान और आईटीसी के लेखा अधिकारी शुभम गोयल भी अतिथि के रूप में शामिल हुए। संस्था एनसीएचएसई के टीम लीडर दीपेंद्र सिंह ठाकुर ने किसानों को संस्था द्वारा संचालित विभिन्न परियोजनाओं की जानकारी दी।

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank | पंजाब नैशनल बैंक, मण्डल कार्यालय, जयपुर-अजमेर

सार्वजनिक सूचना

नीचे दिए गए लॉकरधारकों को सूचित किया जाता है कि उनके लॉकर का किराया पिछले तीन वर्षों से अधिक समय से लंबित है। बैंक की नीति एवं विनियामक निर्देशों के अनुसार, 90 दिनों की नोटिस अवधि के अंतर्गत आपसे अनुरोध किया जाता है कि अपने लॉकर को सरेंडर करें एवं बकाया राशि का भुगतान करें। यदि नोटिस अवधि के भीतर कोई कार्यवाही नहीं की जाती है, तो बैंक स्तर पर लॉकर को तोड़ने की कार्यवाही की जाएगी। लॉकर की सामग्री (यदि कोई हो) की सूची बनाई जाएगी और बकाया की वसूली हेतु सामग्री को बेचा जा सकता है।

क्र.सं.	शाखा का नाम	लॉकर धारक का नाम	लॉकर संख्या
1	000800-AJMER, KUTCHERY ROAD	KRISHNA NAND MALHOTRA	AE00426
2	015310-AJMER-STATION ROAD	SHIPRA CHATURVEDI	BB084
3	357300-AJMER CINEMA ROAD	VIVEK MISHRA	AF00182
4	357300-AJMER CINEMA ROAD	MANOJ JEETHAL & MRS. SANGEETA JEETHAL	AF00214
5	411800-AJMER, ASHA GANJ	SUNDER DAS & RAJESHWARI	AB00160

संबंधित ग्राहक अविलंब अपनी शाखा से संपर्क करें ताकि आगे की कार्यवाही से बचा जा सके। मण्डल प्रमुख

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank | पंजाब नैशनल बैंक, मण्डल कार्यालय, जयपुर-अजमेर

सार्वजनिक सूचना

नीचे दिए गए लॉकरधारकों को सूचित किया जाता है कि उनके लॉकर का किराया पिछले तीन वर्षों से अधिक समय से लंबित है। बैंक की नीति एवं विनियामक निर्देशों के अनुसार, 90 दिनों की नोटिस अवधि के अंतर्गत आपसे अनुरोध किया जाता है कि अपने लॉकर को सरेंडर करें एवं बकाया राशि का भुगतान करें। यदि नोटिस अवधि के भीतर कोई कार्यवाही नहीं की जाती है, तो बैंक स्तर पर लॉकर को तोड़ने की कार्यवाही की जाएगी। लॉकर की सामग्री (यदि कोई हो) की सूची बनाई जाएगी और बकाया की वसूली हेतु सामग्री को बेचा जा सकता है।

क्र.सं.	शाखा का नाम	लॉकर धारक का नाम	लॉकर संख्या
1	006110-JAIPUR-M.I. ROAD	SOMA MAZUMDAR	II517
2	067210-JAIPUR-ADARSH NAGAR	ANAND VARSHA	AA9
3	067210-JAIPUR-ADARSH NAGAR	BHARAT BHUSHAN MENDIRATTA	EE387
4	099710-JAIPUR-CHITRAKOOT	BHARAT SANGWA	BB121
5	222600-JAIPUR, RAJA PARK	KRETI PALTA	AA00223
6	222600-JAIPUR, RAJA PARK	ANCHALA JAIN	AA00357
7	222600-JAIPUR, RAJA PARK	ASHOK KUMAR MENDIRATTA (VAY 110)	AE00651
8	223400-JAIPUR,NEW TRUCK STAND	ROHAN PASREEJA & DR. ARVIND KUMAR PASREEJA	AA00008
9	223400-JAIPUR,NEW TRUCK STAND	RAMESH CHAND GERA & SANTOSH KUMARI GERA	AB00091
10	223400-JAIPUR,NEW TRUCK STAND	ALOK KUMAR	AB00138
11	224600-JAIPUR, JAWAHAR NAGAR	SYED NADEEM ULHAQ	AA00075
12	224600-JAIPUR, JAWAHAR NAGAR	SEEMA LAHIRI	AE00453
13	226300-JAIPUR, EVEREST COLONY	BACHAN SINGH MEENA	AA00025M1
14	226300-JAIPUR, EVEREST COLONY	KAMLA SHARMA, MEENAKSHI DAVE	AA00081
15	226300-JAIPUR, EVEREST COLONY	KAMLA SHARMA	AD00317
16	355300-JAIPUR, JOHRI BAZAR	VIPIN NETRIWAL S/O M.L. NETRIWAL	EE92M1
17	355300-JAIPUR, JOHRI BAZAR	MOHINI KHANDELWAL	FF00396
18	355400-JAIPUR , PANCH BATTI	RAVI MATHUR	AF00248
19	407900-ADARSH NAGAR	GEETA BHUTANI	AA00049
20	408700-JAIPUR, SODALA	BHUVNESHWAR DUTT & TRIPTA SHARMA	AD00298
21	411000-JAIPUR,MALVIYA NAGAR	MOHAN	AB00164
22	411000-JAIPUR,MALVIYA NAGAR	SHEELWANTI S PESWANI	AE00410
23	414400-JAIPUR, VAISHALI NAGAR	ANCHAL BHATT	AE00322
24	443400-JAIPUR,JAGATPURA BRANCH	SUCHETTA DHANKHAR	AC00828

संबंधित ग्राहक अविलंब अपनी शाखा से संपर्क करें ताकि आगे की कार्यवाही से बचा जा सके। मण्डल प्रमुख

राजस्थान- मायापुरी अखाड़े के महंत का मर्डर, चाकू से गोदा:

बढ़ते कदम

कोटा। के बोरखेड़ा थाना क्षेत्र में चंद्रेसल मठ के महंत की अज्ञात बदमाशों ने हत्या कर दी। बदमाशों ने सो रहे महंत देवानंद महाराज (35) पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए। पुलिस के अनुसार घटना शुक्रवार रात करीब 12 बजे की है। ग्रामीणों को महंत मठ में लहूलुहान मिले थे। उन्हें गंभीर हालत में कोटा के महाराव भीम सिंह हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया था। इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। करीब 1100 साल पुराने मठ में मर्डर से साधु-संतों में नाराजगी है। महंत के परिवार और संतों का कहना है कि आरोपियों के पकड़े नहीं जाने तक वे शव नहीं लेंगे। संत हॉस्पिटल में धरने पर बैठ गए हैं। मठ में घुसे हथियारबंद बदमाश जानकारी के अनुसार देवानंद महाराज मायापुरी अखाड़े के महंत थे। वे सवाई माधोपुर जिले के रजवाना के रहने वाले थे। पिछले 4 साल से कोटा स्थित चंद्रेसल गांव के मठ में रह रहे थे। कोटा देहात भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष मुकुट नागर ने बताया कि बदमाश देर रात चंद्रेसल मठ में घुसे थे। उस दौरान नंदनवन महाराज और महंत देवानंद अपने-अपने कमरे में सो रहे थे। बदमाशों ने नंदनवन महाराज को कमरे में बंद कर दिया। फिर महंत के कमरे में

गए। उन्होंने सोते हुए महंत पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। उनकी गर्दन व पीठ पर पर कई घाव लगे थे। फिलहाल हत्या का कारण सामने नहीं आया है। हॉस्पिटल पहुंचे संत, धरने पर बैठे महंत की मर्डर की जानकारी के बाद शुक्रवार सुबह से ही साधु-संत कोटा के एमबीएस हॉस्पिटल पहुंच रहे हैं। उन्होंने साधु-संतों की सुरक्षा में चूक को लेकर सवाल उठाए हैं। सभी संतों ने कहा कि पूरा संत समाज महंत देवानंद महाराज के परिवार के साथ है। उन्होंने पुलिस-प्रशासन ने जल्द से जल्द अपराधिकयों को पकड़ने की मांग है। सुबह करीब 11.30 बजे संत समाज ने हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी के बाहर ही धरना शुरू कर दिया। अब देखिए- महंत की हत्या से जुड़े घटनाक्रम के संतों का कहना है कि जब तब उनकी मांग पूरी नहीं होती, वे यहीं बैठे रहेंगे। इस दौरान कुछ संतों ने नारेबाजी भी की। संतों का कहना है कि जब तब उनकी मांग पूरी नहीं होती, वे यहीं बैठे रहेंगे। इस दौरान कुछ संतों ने नारेबाजी की की। हॉस्पिटल पहुंचीं महामंडलेश्वर हेमा सरस्वती ने परिवार के साथ पुलिस अधिकारियों से भी बात की। कोटा के एमबीएस हॉस्पिटल पहुंचे महंत के भाई ने साधु-संतों से कहा कि पहले पुलिस आरोपियों को पकड़े। फिर शव लेंगे। कोटा के एमबीएस हॉस्पिटल पहुंचे महंत के भाई ने साधु-संतों से कहा कि पहले पुलिस आरोपियों को पकड़े। फिर शव लेंगे। ग्रामीणों ने बताया कि मठ के अंदर कई जगह खून बिखरा हुआ था। वे रात करीब 12.30 बजे अंदर पहुंचे थे, तब महंत के अलावा और कोई नजर नहीं आया। ग्रामीणों ने बताया कि मठ के अंदर कई जगह खून बिखरा हुआ था। वे रात करीब 12.30 बजे अंदर पहुंचे थे, तब महंत के अलावा और कोई नजर नहीं आया। कोटा के एमबीएस हॉस्पिटल में 4 थानों की पुलिस मौजूद है। तीन डीएसपी साधु-संतों और महंत के परिवार से बात कर रहे हैं। चन्द्रेसल मठ कोटा शहर से करीब 12 किलोमीटर दूर है। यहां कई नागा साधुओं की समाधियां हैं और शिव मंदिर भी है। चन्द्रेसल मठ कोटा शहर से करीब 12 किलोमीटर दूर है।

यहां कई नागा साधुओं की समाधियां हैं और शिव मंदिर भी है। प्राचीन मठ में महंत की हत्या से जुड़े पल-पल के अपडेट्स के लिए नीचे ब्लॉग से गुजर जाएंए साधु-संतों के साथ पार्टियों के नेता भी पहुंचे हॉस्पिटल में साधु-संत और हिंदू संगठनों ने धरना दे रखा है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष राखी गौतम और अन्य जनप्रतिनिधि यहां पहुंचे हैं। देवानंद महाराज के सवाईमाधोपुर स्थित आश्रम के लोग भी यहां पहुंच हैं। आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की जा रही है। भाई का दावा- महंत को पहले भी मिली थीं धमकियां महंत के छोटे भाई बुधराज गुर्जर ने

The offer letter Bank of India BOI Relationship Beyond Banking | शाखा- पीलीबंगा, जिला- हनुमानगढ़ (राज.) ई-मेल: pilibanga.jaipur@bankofindia.bank.in

परिशिष्ट IVक (नियम 9(1) का परन्तुक देखें)

अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

प्रतिभूत हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक है, का सांकेतिक कब्जा प्रतिभूत लेनदार **बैंक ऑफ इण्डिया**, शाखा- पीलीबंगा, जिला- हनुमानगढ़ (राज.) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहां है, जैसी है, और जो कुछ भी है" और "दायित्व रहित" के आधार पर निम्न वर्णित खाती में वसूली हेतु बेचा जाएगा। ऋणी, गारन्टर, प्रत्याभूति-दाता, ज्ञात ऋण भार सहित अचल सम्पत्तियां, कब्जा आरक्षित मूल्य, ई-नीलामी की दिनांक व समय, अग्रिम धनराशि, बोली वृद्धि राशि, सम्पत्ति निरीक्षण की दिनांक व समय, अग्रिम धनराशि जमा की अन्तिम दिनांक व समय का विवरण निम्न तालिका अनुसार होगा।

ई-नीलामी की दिनांक व समय: **09/07/2026;** प्रातः 11:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक (10 मिनिट की असीमित समयावृद्धि के साथ)

ईएमडी जमा करने की अंतिम दिनांक व समय: **08/07/2026** सांय 04:00 बजे तक

सम्पत्ति के निरीक्षण की दिनांक एवं समय: **18/06/2026 & 02/07/2026;** दोपहर 12:00 बजे से **03.00** बजे तक

विधायक नोटिस दिनांक व बकाया राशि: **04.10.2025;** स्टार होम लोन खाता संख्या 747075110000023 में रू. **15,51,407.74/-** एवं स्टार पर्सनल लोन खाता संख्या 747060210000010 में रू. **3,35,602/-** कुल रू. 18,87,009.74/- + इसके आगे का प्रयुक्त ब्याज, लागत, प्रभार एवं अन्य खर्चे इत्यादि।

वर्तमान बकाया राशि: स्टार होम लोन खाता संख्या 747075110000023 में रू. **15.52** लाख एवं स्टार पर्सनल लोन खाता संख्या 747060210000010 में रू. **3.36** लाख कुल रू. **18.88** लाख + यूएसीई एवं कानूनी खर्चे+ इसके आगे का प्रयुक्त ब्याज, लागत, प्रभार एवं अन्य खर्चे इत्यादि।

ऋणी एवं गारन्टर का नाम :- 1. श्री राजकुमार पुत्र श्री पालाराम (ऋणी) पता: 1. न्यू वार्ड नं. 23 (ओल्ड वार्ड नं. 06), शास्त्री की चक्की के पास, ज्ञानदीप स्कूल के पास, पीलीबंगा, तहसील पीलीबंगा, जिला हनुमानगढ़ (राज.)-335803 पता 2: मैसर्स आझा फिलिंग स्टेशन सांचौर, जिला जालौर (राज.)-343023

2. श्री रोबिन फगड़ा पुत्र श्री श्री सुरेश फगड़ा (जमानतदार) पता: न्यू वार्ड नं. 13, दुलमनी राठान, पीलीबंगा, तहसील पीलीबंगा, जिला- हनुमानगढ़ (राज.) 335803

अचल सम्पत्ति का ब्र्यौरा झात प्रभारों के साथ :-

श्री राजकुमार पुत्र श्री पालाराम के नाम से आवासीय संपत्ति जो न्यू नवीन वार्ड संख्या- 23 (पुराना वार्ड संख्या- 06), शास्त्री की चक्की के पास, पीलीबंगा, तहसील- पीलीबंगा, जिला- हनुमानगढ़ (राजस्थान) में स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 1750.65 वर्गफीट अर्थात 162.76 वर्ग मीटर है सीमाएं- पूर्व: सड़क पश्चिम: वलजीत सिंह की संपत्ति उत्तर: पालाराम की संपत्ति दक्षिण: वलजीत सिंह की संपत्ति

ऋणभार: ज्ञात नहीं

आरक्षित मूल्य	अग्रिम धनराशि	बोली वृद्धि राशि
रू. 37,03,000/- (सैंतीस लाख तीन हजार रूपये मात्र)	रू. 3,70,300/- (तीन लाख सत्तर हजार तीन सौ रूपये मात्र)	रू. 10,000/- (दस हजार रूपये)

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्योरे के लिए कृपया नीचे दिए गए **बैंक ऑफ इण्डिया**, शाखा- पीलीबंगा, जिला हनुमानगढ़ (राज.) , मो. नं. 9460789412 प्रतिभूत लेनदार की वेबसाईट अर्थात https://bankofindia.bank.in तथा https://baanknet.com देखें।

तारीख: **04/06/2026** स्थान: पीलीबंगा, जिला हनुमानगढ़ (राज.) | प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इण्डिया